# मैं हूँ भक्त तेरा दीवाना | By Prashant Agarwal

मैं हूँ भक्त तेरा दीवाना भक्ति तेरी करता हूँ
सारी दुनिया से कह दूंगा नाम तेरा ही रटता हूँ

तू ही तू है ओ बाबा मेरे
दिखे है तू ही शाम सवेरे
शरण में तेरी है जो भी आये
ओ बाबा तेरा भक्त बन जाए
तेरी धुन में मस्त रहूं अब तो बिलकुल होश नहीं
तेरा नशा एक ऐसा नशा है जिसमे कोई दोष नहीं
अब तो बस मैं श्याम ओ मेरे नाम तेरा ही जपता हूँ
मैं हूँ भक्त तेरा दीवाना भक्ति तेरी करता हूँ

सांवरा तू है बावरा मैं हूँ
शीश का दानी कहलाया है तू
भक्त मैं तेरा तू बाबा मेरा
मेरे जीवन को सहारा तेरा
तेरे हवाले अपना जीवन जबसे मैंने कर दिया
ज़ीरो से हीरो बनाया बिन मांगे सब है दिया
बीते जीवन तेरी शरण में ये ही विनती मैं करता हूँ
मैं हूँ भक्त तेरा दीवाना भक्ति तेरी करता हूँ

भक्ति में तेरी जीवन बिताऊं
हमेशा यूँ ही मैं खाटू आऊं
कृपा तू अपनी सदा ही रखना
सेवा में यूँ ही लगाए रखना
सेवा तेरी जो भी करता उसके तू सब दुःख हरता
दर पे तेरे जो भी आता उसका जीवन तर जाता
मैं तो हर दम श्याम ओ मेरे भजन तेरे ही करता हूँ
मैं हूँ भक्त तेरा दीवाना भक्ति तेरी करता हूँ

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a5%88%e0%a4%82-%e0%a4%b9%e0%a5%82%e0%a4%81-%e0%a4%ad%e0%a4%95%e0%a5%8d%e0%a4%a4-%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%a6%e0%a5%80%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%a8%e0%a4%be-by-prashant-a/